संख्या 23प/आई0डी0एस0पी0/COVID 19/2020/565

प्रेषक,

डा0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
उत्तराखण्ड।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | देहरादून : दिनाँक :19 मार्च, 2020

विषय – कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप विदित हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरन्तर कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है व समीक्षा की जा रही है। कोरोना वायरस रोग के नियंत्रण के लिए प्रिन्ट एंव इलेक्ट्रोनिक मीडिया मे निरन्तर जन जागरूकता हेतु सूचनाएं प्रकाशित की जानी अत्यन्त आवश्यक है।

उपरोक्त के क्रम में राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण प्रबन्धन के अन्तर्गत मीडिया मे प्रकाशित खबरों पर निगरानी रखी जानी अत्यन्त आवश्यक है। अतः आप अपने स्तर से सम्बन्धित अधिकारियो/कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि निरन्तर मीडिया के विभिन्न माध्यमों के द्वारा जन जागरूकता की जाती रहे व प्रिन्ट एंव इलेक्ट्रोनिक मीडिया या सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक खबर प्रकाशित होने पर शीघ्र ही खण्डन करें। निरन्तर यह भी प्रयास करने का कष्ट करें कि मीडिया प्लेटफार्म मे कोरोना वायरस को लेकर सही सूचना प्रकाशित होती रहे व आम जनमानस मे भय की स्थिति उत्पन्न ना हो।

भवदीय,

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

संख्या : 23प/आई0डी0एस0पी0/COVID 19/2020/ तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

Scanned by CamScanner